R.N.I.No. 22705 / 72

# सरसवाणी

वर्ष: 56 अंक : 03 मार्च 2026 विक्रम सम्वत् 2082 चैत्र पृष्ठ 12 लागत मूल्य : ₹ 6

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

### विवाह सहयोग समिति द्वारा आयोजित

## परिचय सम्मेलन - 2026

**Together Forever - V (Special Category)**

**An Online Event - एक नई शुरुआत**

रिश्तों को मिले नया आसमान

रविवार
दि. 5 अप्रैल 2026,
प्रात: 10 से
सायं 6 बजे तक



**Eligibility Criteria :**

- Divorced
- Widowed
- Specially Abled
- Single Female above age 32
- Single Male above age 35

1. Register your biodata now on the link
2. Get access to all the profiles before the event
3. Interact online with your potential matches on event day

कल्पना लोहिया - अध्यक्षा 93230 08960
कान्ता मालपानी - संयोजिका 93227 33821
सीमा चितलांगिया - कार्यक्रम संयोजिका 98331 04963


## गोरेगांव क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

## SUMMER SPLASH – 2026

### @ Sterling Nature Trails, Durshet, Khopoli

Age Group 9 to 16 Yrs

शुक्रवार
दि. 1 मई से
सोमवार
दि. 4 मई 2026




**ACTIVITIES**
Zip line
Wall Climbing
Archery
Rappeling
Plank Walking
Laddering

**TEAM GAMES**
Pipes & Marble
Blind Sheep
Save the World
Mine field Acid river
Rifle Shooting
Green Minds
Treasure Hunt
& Much more!



Scan QR Code for registration.
Link for registration :
https://bit.ly/MPMGSsummersplash2026

मनोज सोढानी-कार्यक्रम संयोजक-98212 78585

अधिक जानकारी के लिए कृपया सम्पर्क करें।

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | संयोजक/संयोजिका |
|---|---|---|
| गोरेगांव क्षेत्रीय समिति | हेमन्त बियानी - 98690 86370 | वेंकटेश बजाज - 77188 77742 |
| गोरेगांव महिला समिति | संगीता तोतला - 99695 45441 | लता परवाल - 99308 42853 |
| गोरेगांव युवा समिति | आदित्य कासट - 88980 27988 | पूनम भट्टड - 98190 08677 |

| क्र. | कार्यक्रम विवरण | आयोजक | दिनांक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | पाछी आई - नृत्य नाटिका | मालाड क्षेत्रीय समितियाँ | 29 मार्च | 05 |
| 02. | परिचय सम्मेलन विशेष 2026 | विवाह सहयोग समिति | 5 अप्रैल | 01 |
| 03. | Bhajan Jamming | बोरीवली युवा समिति | 11 अप्रैल | 05 |
| 04. | लगोरी - टूर्नामेन्ट | मालाड युवा समिति | 12 अप्रैल | 06 |
| 05. | प्रेरणादायक व्याख्यान एवं संवादात्मक कार्यशाला | घाटकोपर महिला समिति | 18 अप्रैल | 07 |
| 06. | Summer Splash | गोरेगांव क्षेत्रीय समितियाँ | 1 से 4 मई | 01 |
| 07. | श्रीमद् भागवत कथा | संस्कार एवं सत्संग समिति | 17 से 24 मई | 02 |
| 08. | उत्तराखण्ड चार धाम यात्रा | बोरीवली क्षेत्रीय समितियाँ | 22 मई से 5 जून | 07 |
| 09. | महेश नवमी उत्सव | माहेश्वरी प्रगति मण्डल | 21 जून | 06 |

Save THE Date

**रविवार,**
**दि. 19 जुलाई 2026**

**श्री श्रीराम तापड़िया स्मृति सेवा कोष**
**ग्यारहवां पुष्प**

## विवाह सहयोग समिति द्वारा आयोजित

# MAHESHWARI BIO-DATA COLLECTION DRIVE

यूं तो यह है जोग संजोग की बात, पर चलिए यहीं से करें शुरुआत...

**Register yourself on : https://vivah.mumbaimaheshwari.com**

कल्पना लोहिया - अध्यक्षा - 93230 08960 • कान्ता मालपानी - संयोजिका - 93227 33821

**Note :** We are not associated with any other matrimonial website

**Official Matrimonial Website of Maheshwari Pragati Mandal is** https://vivah.mumbaimaheshwari.com

## संस्कार एवं सत्संग समिति द्वारा आयोजित



**पुरूषोत्तम मास के पावन पर्व पर सामुहिक**

# श्रीमद् भागवत कथा



**श्रीमद् भागवत् उपासक आचार्य श्री ब्रजेशजी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) के मुखारविन्द से**

**रविवार दि. 17 मई से रविवार 24 मई 2026**

स्थान : माहेश्वरी भवन, श्रीराम तापड़िया मार्ग, माहेश्वरी भवन चौक, प्रथम मंजिल, अंधेरी (प.)

42 समाजबन्धु यजमान रहेंगे, कृपया यजमान हेतु सम्पर्क करें।

निवेदक

हर्षद केला - अध्यक्ष - 98198 32445 • गजानन्द गग्गड - संयोजक - 93209 69649

प्रिय स्वजनों,

जय श्रीकृष्ण।

हमारे जीवन में जो कुछ भी घटित होता है, वह सब ईश्वर की कृपा से ही होता है। ईश्वर जो भी करता है, हमारे भले के लिए ही करता है। सुख और दु:ख - दोनों को ईश्वर का प्रसाद मानकर मन से स्वीकार करना चाहिए और सदैव परहित का चिंतन करना चाहिए। यही हमारे माहेश्वरी समाज की पहचान है और यही जीवन की सार्थकता है। एक बोध कथा के द्वारा इस तत्त्व को प्रस्तुत करता हूँ।

एक राजा था, जिसे शिल्पकला का अत्यन्त शौक था। मूर्तियों की खोज में वह देश-विदेश की यात्राएँ करता रहता था। इस प्रकार राजा अपने महल में अनेक मूर्तियाँ लेकर आया था और उनकी देख-रेख वह स्वयं करता था। सभी मूर्तियों में से तीन मूर्तियाँ उसे अपने प्राणों से भी अधिक प्रिय थी। यह बात सभी को ज्ञात थी कि राजा को मूर्तियों से अत्यधिक प्रेम है।

एक दिन एक सेवक उन मूर्तियों की सफाई कर रहा था। उसी समय उससे भूलवश एक मूर्ति का हाथ टूट गया। जब राजा को यह पता चला, तो वह अत्यन्त क्रोधित हो गया और उसने तुरंत उस सेवक को मृत्युदंड की सजा सुना दी। सजा सुनते ही उस सेवक ने तुरन्त शेष दो मूर्तियाँ भी तोड़ दी। यह देखकर सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए।

राजा ने सेवक से इसका कारण पूछा। तब सेवक ने कहा -

''महाराज! मुझे क्षमा करें। ये मूर्तियाँ मिट्टी से बनी हैं और बहुत नाज़ुक हैं। ये अमर नहीं हैं। आज नहीं तो कल, ये अवश्य टूटती। यदि भविष्य में मेरे जैसे किसी अन्य सेवक के हाथों ये टूट जाती, तो उसे भी व्यर्थ में फाँसी की सजा भुगतनी पड़ती। मुझे तो पहले ही फाँसी की सजा मिल चुकी है, इसलिए मैंने बाकी दो मूर्तियाँ तोड़कर दो निर्दोष लोगों के प्राण बचा लिए।'' यह सुनकर राजा की आँखें खुल गई। उसे अपनी भूल का एहसास हुआ और उसने सेवक को दंड से मुक्त कर दिया।

सेवक ने राजा को जीवन का मूल्य समझाया और यह भी सिखाया कि न्याय के आसन पर बैठकर व्यक्तिगत प्रेम या मोहवश छोटे अपराध के लिए मृत्यु-दंड देना उस आसन का अपमान है। ऊँचे पद पर बैठे व्यक्ति को उस पद की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। राजा हो या कोई और -यदि उसे न्याय करने का दायित्व मिला है, तो उसे न्याय का महत्व समझना चाहिए।

राजा को मूर्तियाँ प्रिय थीं, परंतु सेवक को मृत्यु-दंड देना न्याय के विरुद्ध था। न्याय के सिंहासन पर बैठे व्यक्ति को भावनाओं से ऊपर उठकर निर्णय लेना चाहिए। मृत्यु के इतने समीप होकर भी दूसरों का विचार करने वाला यह सेवक, राजा से कहीं अधिक महान है - यह बात राजा को समझ में आ गई।

राजा ने सेवक से पूछा -

''निष्कारण मृत्यु का सामना करते हुए भी तुम ईश्वर से नाराज नहीं हुए। तुम निडर रहे, संयमी रहे और दूरदर्शिता दिखाई। यह सब कैसे सम्भव हुआ?''

सेवक ने उत्तर दिया -

''महाराज, आपके यहाँ काम करने से पहले मैं एक धनी उद्योगपति के यहाँ सेवक था। मेरे मालिक मुझसे बहुत प्रसन्न रहते थे, पर जब भी उन्हें कोई कड़वा अनुभव होता, वे ईश्वर को कोसने लगते थे।

एक दिन सेठ ककड़ी खा रहे थे। संयोगवश वह ककड़ी कड़वी थी। उन्होंने वह ककड़ी मुझे दे दी। मैंने उसे बड़े स्वाद से खा लिया।

सेठ ने पूछा -

'ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, फिर तुमने ऐसे कैसे खा ली?'

मैंने कहा -

'सेठजी, आप मेरे मालिक हैं। आप प्रतिदिन मुझे स्वादिष्ट भोजन देते हैं। यदि किसी दिन कुछ कड़वा मिल जाए, तो उसे स्वीकार करने में क्या आपत्ति है ?'

महाराज, उसी प्रकार जब ईश्वर ने हमें इतना सुख और सम्पत्ति दी है, तो कभी-कभी यदि कष्ट दे भी दे, तो उसकी सद्बुद्धि पर संदेह करना उचित नहीं। जन्म, जीवन और मृत्यु - सब उसकी ही देन हैं।''

मंगलकामनाओं सहित, जय महेश।

विनम्र

मुम्बई

दिनांक : 15 मार्च 2026

नारायण मालपानी (अध्यक्ष) 98198 09211

**Information Technology Samiti Presents**

# 25% Discount on Medicines

**Free Home Delivery**

***Order through Mandal's App to avail this discount***

*Scan QR Code and download Mandal's App*

Apple Phones

Android Phones

In App, click "Discounts & Offers" and avail: -
- ✓ 25% OFF on Allopathic Medicines
- ✓ 20% OFF on Insulins & DPCO products
- ✓ 5–10%+ OFF on Cosmetics & OTC products

Free home delivery on minimum ₹1000;
( ₹40 delivery charges if order is below ₹1000 )

Online Payment

(COD in selected areas : Mahim, Matunga, Dadar, Bandra, Santacruz, Vile Parle)

Adhyaksh : Sujay Jaju (98208 94443) Sanyojak : Satya Narayan Somani (98210 81143)

## राधाकृष्ण लाहोटी स्मृति कोष में अनुदान हेतु विनम्र निवेदन।

मण्डल के पूर्व उपाध्यक्ष श्री राधाकृष्णजी लाहोटी की स्मृति में राधाकृष्ण लाहोटी स्मृति कोष की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य असहाय बन्धु-बहनों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। अब तक इस कोष के माध्यम से लगभग एक करोड रूपयों से अधिक की आर्थिक सहायता दी गयी है। वर्तमान में 150 लाभार्थियों को सहायता दी जा रही है जिसकी पूर्ति समाजबन्धुओं से निम्नलिखित प्रसंगो पर अनुदान एकत्रित कर की जाती है।

- ★ पुत्र/पत्री के विवाह के उपलक्ष्य में
- ★ परिवार के सदस्यों की पुण्य स्मृति के अवसर पर।
- ★ जन्मदिन, विवाह की वर्षगाठ/रजत-स्वर्ण जयन्ती ।
- ★ दादा-दादी एवं नाना-नानी बनने के उपलक्ष्य में।
- ★ नूतन गृहप्रवेश के अवसर पर।
- ★ अन्य मांगलिक प्रसंगों पर।

आपसे नम्र निवेदन है कि उपरोक्त मांगलिक प्रसंगो के उपलक्ष्य में अपना समुचित अनुदान देकर इस पुनीत कार्य में सहयोगी बने। कृपया चेक Maheshwari Pragati Mandal के नाम से मण्डल कार्यालय में प्रेषित करें अथवा निम्नांकित क्यूआर कोड स्कॅन करके भी अनुदान दे सकते हैं। अनुदान की राशि पर आयकर की धारा 80G के अन्तर्गत छूट प्राप्त है।

**बैंक विवरण (Bank Details) :**

**Account Name** : MAHESHWARI PRAGATI MANDAL
**Bank Name** : BANK OF BARODA, **Branch :** PRINCESS STREET
**Account Number** : 04100100010561
**IFSC Code** : BARBOPRINCE ( Fifth Character is Zero )

**सम्पर्क विवरण (For Confirmation/Queries) :**

ऋता सामंत - M. : 99870 20633 Email ID : accounts@mpmmumbai. in

आइए, मिलकर इस पुण्य कार्य को और मजबूत बनाएं तथा अपने समाज के जरूरतमंदों के लिए सहारा बनें।

*आपका छोटा-सा अनुदान - किसी की बड़ी मुस्कान!*

निवेदक

नारायण मालपानी - अध्यक्ष अशोक भराड़िया - मंत्री







## मालाड क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित

**राजस्थानी नृत्य नाटिका**

# सगाई - दायजो - बिदाई
# बेटी पाछी आई

लेखक-निर्देशक - अभिनेता एवं गीतकार
श्री त्रिलोकजी सिरसलेवाला

रविवार, दि. 29 मार्च 2026 सायं 4 बजे
स्थल : डी.जी खेतान स्कूल ऑडिटोरियम
सुन्दर नगर, मालाड (प.)

वर्तमान परिवेश में बिखरते हुए दाम्पत्य जीवन की समस्या को उजागर करते हुए सुखी व समाधानी दाम्पत्य जीवन का मार्ग दिखाने वाली राजस्थानी भाषा में सामाजिक नृत्य नाटिका

विजय राठी - कार्यक्रम संयोजक – 93206 83201

| निवेदक | अध्यक्ष / अध्यक्षा | | संयोजक / संयोजिका | |
|---|---|---|---|---|
| मालाड क्षेत्रीय समिति | गोपाल राठी | 98201 30862 | गौतम मानधनिया | 98194 21252 |
| मालाड महिला समिति | कला कासट | 79772 14168 | सुनिता सारड़ा | 93247 48773 |
| मालाड युवा समिति | सागर सोनी | 97573 63987 | अंकित काबरा | 98193 64345 |

## बोरीवली क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित

# BHAJAN JAMMING

**(भजन, मंत्र एवं सामूहिक किर्तन)**

आत्म शान्ति एवं भक्तिभाव से
परिपूर्ण संध्याकाल की अनुभूति प्राप्त करने के लिए
आप सपरिवार अवश्य पधारे।

शनिवार
दि. 11 अप्रैल 2026,
सायं 6.30 बजे



**स्थल**
माहेश्वरी प्लॉट
बोरीवली

कार्यक्रम संयोजक - संचित सोमानी - 90222 80011

**निवेदक**

संजोग काबरा - अध्यक्ष
80807 22421

मोनाली लड्ढा - संयोजिका
98197 20987

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

द्वारा आयोजित

# महेश नवमी उत्सव

## विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त समाजबन्धुओं का अभिनन्दन एवं

**Immersive Kirtan (Bhajan Jamming)**



(श्री बलदेवजी माहेश्वरी की मनमोहक प्रस्तुति)



रविवार दि. 21 जून 2026, सायं 4.30 बजे

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, श्रीराम तापड़िया मार्ग

माहेश्वरी भवन चौक, अंधेरी (प.)

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।


**निवेदक**

नारायण मालपानी - अध्यक्ष    अशोक भराड़िया - मंत्री

नोट : विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त समाजबन्धु-नियमावली आगामी सरसवाणी में प्रकाशित की जायेगी।

## मालाड क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा आयोजित

# पारम्परिक खेल, लगोरी टूर्नामेन्ट - Season II





**रविवार दि. 12 अप्रैल 2026**

**प्रातः 7 से 11 बजे तक**

**स्थल :** सबकुछ टर्फ, न्यू लिंक रोड, मालाड (प.)

इच्छुक खिलाड़ी 25 मार्च 2026 तक

अपना पंजीकरण सुनिश्चित करें।

टीम ओनर्स हेतु समाजबन्धु कृपया सम्पर्क करें ।

रोनक करवा – 99933 25021

सागर सोनी- अध्यक्ष – 97573 63987 ● अंकित काबरा – संयोजक – 98193 64345


METROPOLIS
The Pathology Specialist

**METROPOLIS HEALTH CARE LTD.**

**SPECIAL HEALTH CHECKUP PACKAGE at Discounted rate**

**FOR MAHESHWARI PRAGATI MANDAL**

**Offer Price: INR 1200/-**

For home visit Rs.150 extra

Contact number for Package details, nearest center and blood sample collection

**Darshan Parte 87932 00390**

This Facility package is available only at OWN / SELECTED METROPOLIS CENTRES

## घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा आयोजित

# प्रेरणादायक व्याख्यान एवम् संवादात्मक कार्यशाला

- ★ अपना भाग्य स्वयं बनाए।
- ★ अपना मन एवम् अपनी दुनिया पर नियंत्रण पाने के लिए व्यावहारिक उपाय।
- ★ डिजिटल वेलनेस - डिजिटल युग में समरसता एवम् सन्तुलन कैसे बनाए रखें ?



### BK प्रफुल सिंगी के साथ

आईए अपने विचारों को सशक्त बनाने,
अपने निर्णय को योग्य दिशा एवम्
अपना जीवन अधिक सन्तुलित करने की प्रेरणा
प्राप्त करने के लिए इस प्रेरक सत्र का हिस्सा बनते है।



शनिवार, दि. 18 अप्रैल 2026, अपराह्न 3 से 5 बजे तक

स्थल : माहेश्वरी भवन घाटकोपर

निवेदक

मन्जु गग्गड़ - अध्यक्षा - 98334 81415          उर्मिला सिंगी - संयोजिका - 99209 20173

## बोरीवली क्षेत्रीय समितियों द्वारा आयोजित




अधिक जानकारी एवं नाम लिखवाने हेतु कृपया सम्पर्क करें।

| निवेदक | अध्यक्ष/अध्यक्षा | | संयोजक/संयोजिका | |
|---|---|---|---|---|
| बोरीवली क्षेत्रीय समिति | दीपक सोमानी | - 98690 20399 | धनेश बंग | - 98206 13269 |
| बोरीवली महिला समिति | संगीता माहेश्वरी | - 98207 13770 | सुनीता लोया | - 97693 42006 |
| बोरीवली युवा समिति | संजोग काबरा | - 80807 22421 | मोनाली लड्डा | - 98197 20987 |

**Note:** Reservation will be processed on First come First served basis (Few seats Available)

# RETURN... 2.0

यह शीर्षक बिल्कुल फिल्मी अन्दाज का है। सिनेमा में एक पिक्चर जब हिट हो जाती है तब उसका विस्तार करके दूसरी बनाई जाती है। वैसे ही यह शीर्षक मैंने भी सरसवाणी के पिछले फरवरी 2026 के लेख LEARN - EARN - RETURN के विस्तार रूप में ही लिया है।

पिछले करीब तीन साल से प्रति माह मेरा एक सामाजिक लेख सरसवाणी में प्रकाशित हो रहा है। समाज बन्धुओं, बहिनों और कभी कभी युवाओं द्वारा भी मुझे प्रत्येक लेख के बाद कुछ-कुछ प्रतिक्रियाएं मिलती रहती है। लेकिन पिछले माह के लेख पर सर्वाधिक फोन व WhatsApp मिले हैं। सराहना के साथ कुछ खुलासे व कुछ नये प्रश्न भी सामने आये हैं। इस लेख में उन पर चर्चा करेगें इसलिए मैंने इसका नाम RETURN... 2.0 रखा है।

गत लेख में हमने जीवन की तीन अवस्थाएं Learn (30 वर्ष तक) Earn (60 वर्ष तक) Return (60 के बाद) पर विस्तृत चर्चा की थी। इसमें Learn और Earn सबको समझ में आया। Return में कुछ प्रश्नों पर स्पष्टीकरण की बात है।

★ 60 वर्ष के बाद Return का तात्पर्य यह नहीं है कि व्यक्ति मानसिक रूप से शिथिल होकर 'बस बहुत हो गया, अब और क्या करना है ? अपनी जबाबदारी तो पूरी हो गई, अब आराम करेंगे।' नहीं, ये विचार कतई उचित नहीं है। जब तक जीवन है सदैव सक्रिय रहना है और वह सब कार्य करते ही रहना है जो अभी कर रहे हैं।

★ Return का अर्थ अब जीवन को नये तरीके से समझना है, आगे का लक्ष्य निर्धारण करना है, जो कुछ पीछे नहीं कर पाये अब उन्हें पूरा करना है। भाग-दौड़ की जिन्दगी में जो कार्य, रिश्ते, स्वजन, मित्रगण पीछे छूट गये अब उनसे दोबारा सक्रिय रूप से जुड़ना है।

★ सिर्फ स्वयं और परिवार ही नहीं अब समाज, राष्ट्र और मानवता के लिए भी कुछ करने की मानसिकता बनानी है। तन-मन-धन तीनों में से जिसकी सुविधा अधिक है उसका लाभ अब सेवा कार्य में भी लगना चाहिए। निःशुल्क सेवा के भी अनेक अवसर सामने आते है। समयानुसार उनमें शामिल होना चाहिए।

★ Return यानी 60 वर्ष के बाद भी स्वयं की जबाबदारियां अधूरी हो तो सर्वप्रथम उन्हें पूर्ण करना ही Return की ओर बढ़ने की प्रक्रिया है। Return का स्पष्ट अर्थ ना Earn छोड़ना है ना Learn छोडना है ना ही जीवन की सुख सुविधाओं से परे जाना है। बस, अब ये समझना है कि हम जो भी कार्य कर रहे हैं उसका लक्ष्य और उद्देश्य क्या है ? अर्थात अब सिर्फ भाग-दौड़ में शामिल नहीं होना है।

हमारे समाज ही नहीं, सम्पूर्ण भारतीय परिवारों में 60 साल की उम्र वाली बहिने मोटे रूप में Home Makers ही है। अतः वो Return यानी इस उम्र का आनन्द कैसे लेवें यह प्रश्न मुख्य रूप से उभर कर आया है।

★ इसका खुलासा इस रूप में समझना चाहिए। यदि पारिवारिक परिस्थितियां सब तरह से अनुकूल हो तो उन्हें भी अपने लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए अर्थात घर परिवार के साथ साथ अपनी रूचि के कार्य जैसे सेवाभावी संस्था से अथवा आध्यात्मिक सेवा केन्द्रों से जुड़ना चाहिए। अपने मित्रों के साथ घूमना-फिरना, सैर-सपाटे, मनोरंजन का आनन्द लेना चाहिए। साहित्य, लेखन, संगीत, नृत्य, गायन, टेक्नोलोजी, बागवानी, खेलकूद आदि जो आपकी रूचि के है, उनमें सक्रिय होकर जीवन की चढ़ती उम्र को सार्थक बनायें। दिन-रात TV, Cell phone, Face Book , Reels में कतई ना उलझें रहे ये मनोरंजन या ज्ञानवर्धन नहीं, गलत लत लगने का मार्ग है। इसका सही व सीमित उपयोग करें।

★ घर परिवार की दूसरी - तीसरी पीढ़ी को समयानुसार आगे चलने देवें। अपना समय-परिस्थिति-दु:ख-तकलीफ उनके सामने हर वक्त ना दोहराये। उनके साथ मित्रवत व्यवहार रखेगी तो वो भी निश्चित आपकी बात समझेंगें अन्यथा हर बात पर घर में तनाव बना रहेगा।

★ महिलाओं को ये कथन - हम तो सब कुछ तुम्हारे लिए ही कर रहे हैं - अब जरा इसे इस कार्य रूप में बदले। जो कुछ आप अपने जाने के बाद उनके लिए छोड़ कर जाना चाहती है, उसकी बजाय अपने जीवन काल में जब कभी अवसर मिले तो आपकी क्षमताओं के अनुरूप उसमें सम्मिलित होकर अपनी दूसरी तीसरी पीढ़ी को यह अहसास करवायें की आपके मन में उनके प्रति कितना स्नेह और प्यार है।

★ Return की उम्र यानी 60 वर्ष के बाद क्या आपके मन में हर वक्त एक ही बात रहती है, 'मुझे तो मेरे परिवारजनों को संस्कारमय बनाना है, उन्हें दुनियादारी सिखानी है, अनुशासन में रखना है, घर की परम्पराओं का पालन करवाना है।' आपका सोचना उचित है लेकिन ठहरीए जरा अपने आपको जांच लीजिए। कहीं इन बातों को मानने मनवाने के चक्कर में आप जिद्दी, कठोर और हिटलर तो नहीं बन गये है? जीवन तभी सुखमय रहता है जब हम बदलती परिस्थितियों और वातावरण को स्वयं समझते हैं व उसी अनुरूप अपने आस-पास के और वातावरण को बदलने का प्रयास करते है। स्पष्ट रूप में बीती बातों से बाहर आये। जब जो घट गया उसे स्वीकार करें, कौन सही था कौन गलत इसका निर्णय हर वक्त ना करें। जीवन में जो कुछ अच्छा पाया है उसे बांटे। हर समय परम्पराओं में नहीं उलझे रहे। इन्हें परिवर्तन के साथ समझ कर आगे बढ़े।

'मृत्यु का कतई इन्तजार नहीं करना है, जब भी वो आये उस समय तक जागरूक, सक्रिय और समझदार बनकर जीवन का भरपूर आनन्द उठाना है यही वास्तव में RETURN है।

। इति शुभम् ।

रमेश मरदा, मुम्बई (सामाजिक व मोटिवेशनल चिन्तक) मो. 98210 98196


# चिकित्सा सहायता कोष

## (माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई के अन्तर्गत)

## चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।

**चिकित्सा हेतु आर्थिक सहयोग देना इस कोष का उद्देश्य है। आवेदन पत्र में निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करें।**

✦ Medical Report के साथ मरीज के बीमारी की जानकारी। ✦ बीमारी व्यक्ति की संक्षेप में पारिवारिक एवम् आर्थिक जानकारी। ✦ अब तक किये हुए खर्च की विगत एवम् अन्य संस्था द्वारा प्राप्त सहायता की जानकारी। ✦ भविष्य में इलाज के लिए होने वाले खर्च का डॉक्टर द्वारा प्रमाणित Cost Certificate ✦ मरीज की मेडीक्लेम पॉलिसी की जानकारी।

**विशेष नोट :**

1) मुम्बई के बाहर निवास करने वाले समाजबन्धु को अपने स्थानीय माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष/मंत्री द्वारा सिफारिश पत्र लेना अनिवार्य है।

2) आवेदक को अस्पताल के नाम से चेक दिया जाता है अतः अस्पताल में Admit होने से पूर्व या Admit होते ही आवेदन पत्र कार्यालय में पहुँच जाय इस बात का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

**आवेदन, पूर्ण विगत के साथ, मंत्री, चिकित्सा सहायता कोष के नाम निम्न पते पर प्रेषित करें।**
**माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकरशेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई - 400 002.**
**दूरध्वनि : 22005026 / 27 / 28**

Email : info@mpmmumbai.in • Website : www.mumbaimaheshwari.com

## शिक्षा सहयोग समिति - विनम्र निवेदन

समाज के सभी स्वजनों के सहयोग से माहेश्वरी प्रगति मण्डल, शिक्षा सहयोग समिति के माध्यम से महाराष्ट्र एवं राजस्थान के समाज के होनहार परन्तु आर्थिक रूप से जरूरतमन्द शिक्षार्थियों को तथा विशेष रूप से मुम्बई के जरूरतमन्द शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु ऋण छात्रवृत्ति (Interest Free Loan Scholarship) गत कई वर्षों से प्रदान करता आ रहा है। इस पुनीत कार्य में आपश्री द्वारा अनुदान अपेक्षित है। कृपया आप अनुदान राशि का चेक **Maheshwari Pragati Mandal** के नाम से मण्डल कार्यालय में प्रेषित करें अथवा मण्डल के निम्नलिखित बैंक खाते में चेक/Online जमा कर accounts@mpmmumbai.in पर सूचित करें जिससे आपको रसीद भेजने में सुविधा होगी। इस हेतु दिया गया अनुदान, आयकर की धारा 80G के अन्तर्गत कर मुक्त है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Name of Bank** | : Bank of Baroda | **Branch** | : Princess Street |
| **Account Name** | : Maheshwari Pragati Mandal | **Account No.** | : 04100100003914 |
| **IFSC Code** | : BARB0PRINCE **(Fifth character is zero)** | **MICR Code** | : 400012055 |

हमेशा की तरह आपका सहयोग अवश्य मिलेगा, ऐसा हमें विश्वास है। मंगलकामनाओं सहित जय महेश।

गौरीशंकर बजाज - अध्यक्ष - 93225 13551 • बसन्तकुमार चाण्डक - संयोजक - 98200 29920



# MAHESHWARI PRAGATI MANDAL

## LILAVATI HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE

### (Health Check-Up Package for Members)

M → Rates Offered ₹8800

F → Rates Offered ₹9800

| Sr. No. | Test | Male | Female | Sr. No. | Test | Male | Female |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CBC | ✓ | ✓ | 15 | HBSAG | ✓ | ✓ |
| 2 | ESR | ✓ | ✓ | 16 | Urine Routine | ✓ | ✓ |
| 3 | Blood Group | ✓ | ✓ | 17 | Stool Routine | ✓ | ✓ |
| 4 | FBS+PPBS | ✓ | ✓ | 18 | ECG | ✓ | ✓ |
| 5 | HBAIC | ✓ | ✓ | 19 | 2D Echo/ Stress Test | ✓ | ✓ |
| 6 | Lipid Profile Package | ✓ | ✓ | 20 | X-Ray Chest | ✓ | ✓ |
| 7 | LDL Cholesterol | ✓ | ✓ | 21 | Spirometry | ✓ | ✓ |
| 8 | Liver Profile | ✓ | ✓ | 22 | Audiometry | ✓ | ✓ |
| 9 | Renal Profile | ✓ | ✓ | 23 | PSA Total | ✓ | — |
| 10 | TSH | ✓ | ✓ | 24 | Pap Smear | — | ✓ |
| 11 | T3 | ✓ | ✓ | 25 | Mammography | — | ✓ |
| 12 | T4 | ✓ | ✓ | 26 | USG Abdomen & Pelvis | ✓ | ✓ |
| 13 | Vitamin D3 | ✓ | ✓ | 27 | Primary Physician Consultation | ✓ | ✓ |
| 14 | Vitamin B12 | ✓ | ✓ | 28 | Secondary Gyneologist Consultation | — | ✓ |
| Package includes **Breakfast and Lunch.** | | | | 29 | Secondary Ophthalmologist Consultation | ✓ | ✓ |

Lilavati Hospital and Research Centre

**More than Healthcare, Human Care**

**A-791, Bandra Reclamation Rd,**
**Bandra (W) Mumbai_400050**

- ✓ Member should collect letter from Maheshwari Pragati Mandal, Girgaum to avail the scheme.
- ✓ Member will take an appointment for the Health Check-up with the Hospital at least 48 hours in advance.
- ✓ Payment will be made by the members directly at the Hospital on the day of the Check-up.
- ✓ Any additional test or consultation (other than those covered in the Health Check-up package) will be charged as per the standard rates.

**For Appointments: +91 86578 96447** | **Valid upto : 31st-Dec-2026**

**NOW ADDED SECONDARY DENTAL CONSULTATION**

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

- मण्डल के आजीवन सदस्य श्री राजीवजी काबरा एवम् चिकित्सा सहयोग समिति के संयोजक श्री रमेशजी काबरा की पूजनीय माताजी श्रीमती शारदादेवी स्व. श्री राधारमणजी काबरा का वैकुण्ठवास गुरूवार, दि. 12 मार्च 2026 को 80 वर्ष की आयु में भाण्डुप में हो गया।
- मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री आशारतनजी पचीसिया की बहन श्रीमती शान्तिदेवी घनश्यामदासजी डागा (कोलकाता) का वैकुण्ठवास सोमवार, दि. 09 मार्च 2026 को 84 वर्ष की आयु में कोलकता में हो गया।
- मण्डल के आजीवन सदस्य श्री भैरूरतनजी पचीसिया की धर्मपत्नी श्रीमती बुलादेवी पचीसिया का वैकुण्ठवास सोमवार, दि. 9 मार्च 2026 को 82 वर्ष की आयु में सान्ताक्रुज में हो गया। आप मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री आशारतनजी पचीसिया की भाभीजी थी।
- मण्डल के संयुक्त अर्थमंत्री श्री राधेश्यामजी डालिया के पूजनीय पिताजी श्री तेजकरणजी बस्तीरामजी डालिया बग्गड़ (मेड़ता) का वैकुण्ठवास शनिवार, दिनांक 07 मार्च 2026 को 87 वर्ष की आयु में मुम्बई में हो गया।
- मण्डल के आजीवन सदस्य श्री रामनिवासजी बियानी की धर्मपत्नी श्रीमती कमलादेवी बियानी का वैकुण्ठवास मंगलवार, दि.03 मार्च 2026 को 84 वर्ष की आयु में मुम्बई में हो गया।
- अन्धेरी क्षेत्रीय समिति के सदस्य श्री राहुलजी नेवर की पूजनीय माताजी श्रीमती कान्तादेवी स्व. देबीप्रसादजी नेवर का वैकुण्ठवास गुरूवार, दि. 12 फरवरी 2026 को 77 वर्ष की आयु में अंधेरी में हो गया।

**दिवंगत आत्मा को चिरशांति हेतु भगवान महेश के चरणों में प्रार्थना।** - मंत्री

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

Post Reg.No. MCS / 047 / 2025-27 RNI No. 22705 / 72 Posted at Mumbai Patrika Channel Sorting Office, GPO.Mumbai 400 001.Published on 15th of every month & posting on 16th / 17th of every month.

# सरसवाणी

विज्ञापन




Printed, published & edited by Vishnu Madanlal Malpani on behalf of **Maheshwari Pragati Mandal,** printed at Sundaram Art Printing Press, 12, Wadala Udyog Bhawan, Naigaum X road, Wadala,Mumbai – 400 031 & published from Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002 **दे.: 022 - 2200 5026 / 27 /28**
**website.**www.mumbaimaheshwari.com **Email:**info@mpmmumbai.in **Editor:**Vishnu Madanlal Malpani

 **if not delivered please return at : Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002**